भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 992

(दिनांक 08.02.2023 को उत्तर के लिए)

रिक्तियों का आकलन

992. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों में रिक्त पदों का कोई आकलन किया है;
(ख) यदि हां, तो उक्त रिक्तियों के लिए भर्ती पूरी करने की अनुमानित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2021-22 के दौरान आजीविका पर महामारी के प्रभाव की क्षतिपूर्ति करने के लिए भर्ती हेतु पदों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ.) प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय और केन्द्रीय सेवाओं के लिए पदों में कमी के क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ङ.): केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों में रिक्तियों की स्थिति व्यय विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में उपलब्ध है।

रिक्त पदों पर भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। देश भर में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसी आशा है कि ये रोजगार मेले, आगे भी रोजगार और स्वरोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना जारी रखेंगे और युवाओं को लाभकारी सेवा अवसर प्रदान करेंगे।

****